YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 01.01.2017

HINDUSTAN

कौशल विश्वविद्यालय से युवाओं को हुनरमंद होने का अवसर मिलेगा

उम्मीदें 2017

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

बेहतरीन शिक्षा, कौशल विकास, नकदी रहित परिवार के लिहाज से उठाए जाने वाले कदमों से साथ नए साल में शिक्षण संस्थानों का स्वरूप बदला सा दिखेगा। छात्रों को हुनर निखारने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। वहीं स्किल यूनिवर्सिटी की बाट जोह रहे क्षेत्रवासियों को इसका निर्माण कार्य शुरू होता दिखाई देगा।

1 कौशल विश्वविद्यालय

पहले कौशल विश्वविद्यालय का सपना साकार होता दिखेगा। 2015 से प्रस्तावित विवि की नींव पलवल के दुधौला में रखी जाएगी। 200 एकड़ जमीन में यह बनेगा और 600 करोड़ की लागत आएगी। कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इसमें फूड प्रोसेसिंग, हेल्थ एंड अलाइड मेडिकल, मैनुफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के अलावा सेंटर ऑफ इनोवेशन और रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर भी बनेगा।

2 स्कूलों में कौशल विकास

प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक कोर्सों के साथ कौशल विकास के कोर्स भी शुरू होंगे। अगले साल अप्रैल से नए सत्र में स्किल इंडिया के तहत सात सेक्टरों में कुल 11 नए कौशल विकास कोर्स कराए जाएंगे। सरकारी स्कूलों में नौवीं कक्षा में 80 से ज्यादा छात्रों की संख्या वाले स्कूलों में इन्हें लागू किया जाएगा। फिलहाल प्रदेश के 990 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में कुल 14 व्यावसायिक कोर्स कराए जाते हैं। म्यूजिक, अपैरल, सिक्योरिटी, टेलीकॉम, लाइफ साइंस, लॉजिस्टिक, हेल्थ केयर सेक्टरों में नए कोर्स मिलेंगे।

3 कम्युनिटी कॉलेज में नए कोर्स

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे कम्युनिटी कॉलेज में नए साल में चार नए कोर्स शुरू होंगे। इनमें युवा लेथ ऑपरेटर, एयर कंडीशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और आईटी कोऑर्डिनेटर शामिल हैं। इसके लिए युवा 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इन कोर्सों का पहला बैच 23 जनवरी 2017 से शुरू हो जाएगा। पहले ही यहां वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रीशियन तथा एयर कंडीशनिंग कोर्स कराए जाते हैं।

4 सीबीएसई बोर्ड

केंद्र सरकार ने आगामी सत्र 2017-18 से सीबीएसई में अनिवार्य बोर्ड लागू करने का फैसला लिया है। शिक्षा में सुधार की दसवीं कक्षा में दोबारा से बोर्ड लागू करने के फैसले को हरी झंडी मिल चुकी है। इससे पहले यूपीए सरकार ने 2010 में बोर्ड खत्म कर ग्रेडिंग सिस्टम शुरू किया था।

चुनौती

फीस वृद्धि पर लगाम

1 फीस वृद्धि को लेकर हर साल में निजी स्कूलों के अभिभावक और संचालक आमने-सामने रहते हैं। शिक्षा निदेशालय ने आगामी सत्र में फीस बढ़ोतरी के लिए फॉर्म-6 जमा करने की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है।

ग्रामीण कॉलेजों में ऑनलाइन सेवा

2 शिक्षण संस्थानों को परिसर नकदीरहित करने के आदेश जारी हो चुके हैं। लेकिन शहर के कई कॉलेजों में अभी तक दाखिला प्रक्रिया ऑफलाइन है। नए सत्र में ग्रामीण कॉलेजों तक ऑनलाइन सेवाएं पहुंचाना चुनौती होगा।

बायोमेट्रिक हाजिरी के संसाधन

3 सरकारी स्कूलों में आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम शुरू किया गया है। जनवरी में इसके बगैर वेतन रोकने के आदेश जारी हो चुके हैं। लेकिन दूर-दराज के इलाकों में इंटरनेट सहित जरूरी संसाधनों का अभाव है।

DAINIK BHASKAR

पहले गुड न्यूज़

वाईएमसीए कम्युनिटी कालेज में 4 नए पाठ्यक्रम शुरू

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित कम्युनिटी कालेज प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसमें लेथ ऑपरेटर, एयर कंडीशनिंग (तकनीशियन), असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन व आईटी कोआर्डिनेटर पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन कोर्सों को करने के बाद बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार वर्षभर चलने वाले चारों पाठ्यक्रमों का पहला बैच 23 जनवरी से शुरू होगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी है। इन सभी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की न्यूनतम अवधि 250 से 400 घंटे यानि 3 से 4 महीने की होगी।